web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 26 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-174

# राफेल मिलने के बाद एलओसी के आस-पास नहीं फटकेगा पाक

### आईएएफ चीफ मार्शल बीएस धनोआ बोले



नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय वायुसेना के चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने राफेल लड़ाकू विमान को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि जब राफेल आएगा, तो हमारी वायु रक्षा कई गुना बढ़ जाएगी. इसके बाद पाकिस्तान एलओसी को आस-पास भी नहीं फटक पाएगा.

धनोआ ने सोमवार को चिनूक सीएच47आई भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल होने के बाद यह बयान दिया. उन्होंने कहा कि राफेल भी हमारे बेड़े में शामिल होगा.

आईएएफ धनोआ ने कहा, देश कई सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है. हमें अलग-अलग इलाकों के लिए वर्टिकल लिफ्ट कैपेबिलिटी की जरूरत है. चिनूक को भारत के विशेष वृद्धि के साथ खरीदा गया है, यह एक राष्ट्रीय संपत्ति है.

एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने कहा कि चिनूक हेलीकॉप्टर न केवल दिन में, बल्कि रात के दौरान भी सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं. दीनजन (असम) के लिए एक और यूनिट बनाई जाएगी. चिनूक एक गेम चेंजर साबित होगा.

बता दें चिनूक (चिनूक सीएच47आई)का इस्तेमाल किसी भी आपदा के समय किया जा सकता है. इसके जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने और ज्यादा तादाद में राहत सामग्री पहुंचाने में मदद मिलेगी. सीएच47आई चिनूक एंडवांस्ड मल्टी मिशन हेलीकॉप्टर है, जो वायुसेना को सामरिक रूप से मजबूत बनाएगा. इससे हैवी लिफ्ट की क्षमता मिलेगी. इसके जरिए भारी से भारी सैन्य जरूरतों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में आसानी होगी.

बता दें कि भारत ने साल 2015 में कुल 15 चिनूक हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर अमेरिकी कंपनी बोइंग को दिया था. जिसमें से चार फरवरी में भारत पहुंचे. बीते साल जुलाई में बोइंग विमान के उपाध्यक्ष और जनरल मैनेजर ने कहा था, तटीय ऑपरेशन से लेकर काफी ऊंचाई वाले पर्वतीय मिशनों तक, ये विमान भारतीय सशस्त्र बलों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर बस डिवाइडर से टकराई

### आग लगने से चार लोगों की जिंदा जलने से मौत



लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर एक बस डिवाइडर से टकरा गयी। जिस कारण उसमें आग लग गयी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गये हैं। घायलों को सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैनपुरी जिला के करहल थाना प्रभारी राजेश पाल ने बताया, दिल्ली से लखनऊ जा रही एक बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करने के चक्कर में माइलस्टोन 77 के पास डिवाइडर से टकरा गई। जिससे उसमें आग लग गयी। आग लगने से बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। जिससे बस में सवार चार लोगों की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गए है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया, जानकारी मिलने पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे गये थे। आग पर लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। सभी मृतक अलग-अलग स्थानों से हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### न्यूज़ीलैंड में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

ऑकलैंड (आरएनएस)। न्यूजीलैंड में शनिवार को एक विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने आज इस बात की पुष्टि की । शनिवार को न्यूजीलैंड के मध्य उत्तर द्वीप के कइमनावा क्षेत्र से एक हल्के विमान के लापता होने की खबर आयी थी। हालांकि खराब मौसम के कारण स्थानीय पुलिस रविवार सुबह तक इसका पता लगाने में कामयाब नहीं हो सकी थी। विमान का मलबा रविवार सुबह 11:30 बजे मिला। दोनों चालक के शव बरामद कर लिए गए हैं और ये ऑकलैंड के अर्डमोर फ्लाइंग स्कूल से जुड़े थे। बताया जा रहा है कि दोनों पायलट अपनी नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर थे। विमान ने शनिवार रात उत्तरी पलमेरस्टोन से उड़ान भरी थी। मामले की जांच स्थानीय पुलिस, नागरिक उड्डयन प्राधिकरण और परिवहन दुर्घटना जांच आयोग कर रहा है।

### चुनाव के दौरान रोड शो, बाइक रैलियों पर रोक की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से न्यायालय का इनकार

नईदिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान रोड शो करने और बाइक रैलियां निकालने पर प्रतिबंध लगाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। यह याचिका उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी ने दाखिल की है जिसमें चुनावों के दौरान रोड शो करने और बाइक रैलियां निकालने पर प्रतिबंध लगाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विक्रम सिंह और शैविका अग्रवाल की ओर से पेश अधिवक्ता विराग गुप्ता से कहा ''हम इस पर सुनवाई के इच्छुक नहीं है।'' सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक हैं। याचिका में उन्होंने कहा है कि रोड शो और बाइक रैलियां चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन हैं और इनसे पर्यावरण को नुकसान होता है।

### दाऊद के करीबी रहे लंबू शकील की अस्पताल में मौत

मुंबई (आरएनएस)। माफिया दाउद इब्राहिम का करीबी रहे लंबू शकील का सोमवार को अस्पताल में मौत हो गई. उसे दिल संबंधी रोग था. लंबू डी कंपनी के फाइनेंस का पूरा काम देखता था. लंबू के कद और भारी शरीर के चलते दाऊद ने उसे लंबू शकील बुलाता था. लंबू को विदेश से भारत प्रत्यर्पित किया गया था.रिपोर्ट के अनुसार मुंबई के जसलोक अस्पताल में लंबू की मौत हुई. लंबू शकील उस गैंग का सदस्य था जब सत्तर के दशक में तब दाऊद तस्करी और अंडरवर्ल्ड की दुनिया में एक बेहद छोटा नाम था. अपने भाई की हत्या से बौखलाए दाऊद ने डोंगरी, मुर्गीखाना, पायधुनी, नागपाड़ा, आग्रीपाड़ा और दो टाकी के लड़कों को लेकर ऐसी गैंग बनाई जो आज भी डी कंपनी के नाम से जानी जाती हैं. इस गैंग में अरुण गवली, छोटा शकील, लंबू शकील, बडा राजन, नूर पाशा जैसे लोग शामिल थे।

### झूठ और जालसाजी पर सवार है कांग्रेसः जेटली

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली ने रविवार को कांग्रेस पर लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए झूठ और जालसाजी का सहारा लेने का आरोप लगाया। जेटली ने अपने फेसबुक पेज पर एक लेख में कहा कि लोकसभा के आगामी चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कांग्रेस झूठ और जालसाजी पर सवार हो गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस फर्जी एवं बनावटी कागजात तैयार कर रही है और इन्हें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा की डायरी बता रही है। भाजपा नेता ने कहा कि एक प्रतिष्ठित टीवी चैनल और एक समाचार पत्र ने भी इन कागजातों को झूठा और फर्जी करार दिया है।

# रेस्त्रां में सीवेज सफाई के दौरान मौत मामले में दो गिरफ्तार



नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के एक रेस्त्रां की रसोई की अवजल शोधन इकाई की सफाई के दौरान दो कर्मियों की मौत के मामले में रेस्त्रां के दो वरिष्ठ प्रबंधकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी दिल्ली के रेस्त्रां की रसोई की अवजल शोधन इकाई में शनिवार को सफाई करने उतरे दो कर्मियों की कथित तौर पर जहरीली गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। घटना पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन के 'पाइरेट्स ऑफ ग्रिल' रेस्त्रां में हुई। पुलिस ने बताया कि घटना में रेस्त्रां के दो सफाईकर्मी राकेश (45) एवं अजय (19) की मौत हो गई जबकि उनके दो साथी - पंकज एवं राजू अस्पताल में भर्ती हैं। अधिकारी ने बताया कि रेस्त्रां मालिक से भी पूछताछ की गयी और वे उनकी भूमिका की जांच के लिये दस्तावेजों की जांच करेंगे। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) मोनिका भारद्वाज ने बताया कि एरिया मैनेजर पंकज कुमार और इकाई मैनेजर आफताब को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शवों का पोस्टमॉर्टम बाकी है और पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने मुआवजा मांगा है। मामले में जांच जारी है।

# अस्पताल में मरीज से सामूहिक दुष्कर्म, नर्स समेत चार गिरफ्तार



मेरठ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ के गढ़ रोड स्थित सहारा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती महिला मरीज से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में स्टाफ नर्स लक्ष्मी, वार्ड ब्वॉय शादाब, विनोद और नियाजू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने रविवार को यहां बताया कि थाना भावनपुर क्षेत्र में किराए पर रहने वाली एक महिला को शनिवार को पेट में दर्द होने के कारण सहारा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उसका कहना है कि देर रात आरोपियों ने नशे का इंजेक्शन लगाकर उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि स्टाफ नर्स पर आरोपियों के सहयोग का आरोप है। बताया गया है कि महिला ने होश में आने पर अपने परिवार के लोगों को दुष्कर्म की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस से शिकायत की गयी। सिंह का कहना है कि महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

# मुलायम की आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई को नोटिस



लखनऊ (आरएनएस)। मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी किया है. कोर्ट ने 2 हफ्ते में सीबीआई से जवाब मांगा है. दरअसल मामले के मूल याचिकाकर्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी. विश्वनाथ चतुर्वेदी ने अपनी अर्जी में मांग की है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सुप्रीम कोर्ट के 2007 और 2012 के आदेश के तहत क्या करवाई की है, इसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट या निचली अदालत में दाखिल करे. 2012 में इस मामले में मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव और प्रतीक यादव की पुनर्विचार याचिका भी कोर्ट खारिज कर चुका है.

मुलायम सिंह यादव की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि अभी इस मामले की सुनवाई न कि जाए लेकिन इसके बावजूद कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर दिया.

याचिका में कहा गया है कि जांच पूरी हो गई थी और पहली नजर में पाया गया था कि यादव परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला बनता है. इस जांच को छह साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अभी तक किसी भी अदालत में रिपोर्ट पेश नहीं की है.

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2007 में चतुर्वेदी की जनहित याचिका पर सीबीआई को मुलायम, अखिलेश व पत्नी डिम्पल और भाई प्रतीक यादव की संपत्तियों की जांच करने का आदेश दिया था. हालांकि 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने डिम्पल को इस मामले से यह कहकर बाहर कर दिया था कि वह किसी सार्वजनिक पद पर नहीं थीं.

# इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके

जकार्ता (आरएनएस)। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर रविवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गयी। भूकंप का केंद्र बिटुंग शहर के उत्तर पूर्व में सतह से 37.4 किलोमीटर की गहराई में था। सुलावेसी द्वीप पर रविवार सुबह आया यह दूसरा भूकंप था। इससे लगभग तीन घंटे पहले 5.4 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप से जान-माल के नुकसान की अब तक कोई रिपोर्ट नहीं है।

# खुदाई के दौरान मिट्टी में दबे 10 मजदूर, 2 की मौके पर मौत, 8 घायल



जींद (आरएनएस)। हरियाणा में जींद जिले के खेड़ा खेमावती गांव में आज सुबह तालाब की खुदाई के दौरान मिट्टी का तोंदा गिरने से दस महिला मजदूर दब गईं जिनमें से दो की मौत हो गई तथा आठ घायल हो गईं। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जाती है।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि गांव में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत तालाब की खुदाई का काम करवाया जा रहा था। हादसे के समय करीब 30 महिलाएं काम कर रही थीं। हादसे में निशा (28) व 65 वर्षीय चमेली की मौत हुई है।

दुर्घटना के बाद एंबुलेंस, पुलिस को हादसे की जानकारी दी गई। मौके पर जेसीबी मशीन भी पहुंची और उससे भी मिट्टी हटाने का काम किया गया। ग्रामीणों की मदद से मिट्टी में दबी महिलाओं को बाहर निकाला गया और उन्हें सफीदो के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया। तीन महिलाओं की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। उपायुक्त ने मामले की जांच एडीसी को सौंपी है।

महिलाओं के परिजनों ने गांव के मुखिया पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# श्रीलंका नौसेना ने 11भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार



चेन्नई (आरएनएस)। पट्टाली मक्काल काची (पीएमके) संस्थापक डा. एस रामदास ने रामेश्वरम के 11 मछुआरों को श्रीलंका नौ सेना द्वारा आज गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से इन मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

बताया जा रहा है कि तमिलनाडु के रहने वाले ये मछुआरे नेदुन्थीवु के पास मछली पकड़ रहे थे तभी श्रीलंकाई नौ सेना ने इन्हें श्रीलंका जल सीमा में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

इस घटना के बाद 500 नावों के साथ मछली पकड़ रहे अन्य मछुआरे मछली पकड़े बिना वापस अपने घरों को लौट आये हैं। श्रीलंका नौ सेना ने मछुआरों के मछली पकड़ने के जाल को भी नष्ट कर दिया तथा उनके तमाम जीपीएस उपकरण जब्त कर लिए।

# कांग्रेस नेताओं ने किया आप से हाथ मिलाने का विरोध



नईदिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच गठबंधन की सुगबुगाहट एक बार फिर से तेज हो गई है. कांग्रेस ने दिल्ली में सोमवार को एक अहम बैठक बुलाई है, जिसमें आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पर अंतिम फैसला जाना है. सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी के आवास पर हो रही इस बैठक में कांग्रेस के कई नेताओं ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन का विरोध किया है. सूत्रों का ये भी कहना है कि आम आदमी पार्टी से गठबंधन होगा या नहीं, राहुल गांधी शाम तक इसपर अंतिम फैसला लेंगे.

बता दें कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हुई. हालांकि, आम आदमी पार्टी दिल्ली की सातों सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है और चुनाव अभियान भी शुरू कर दिया. दिलचस्प यह है कि अरविंद केजरीवाल कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि वह गठबंधन करना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस ने इनकार कर दिया है. दोनों ही दलों के कुछ वरिष्ठ नेता पर्दे के पीछे अभी भी बातचीत में जुटे हैं. कांग्रेस महासचिव और दिल्ली प्रभारी पीसी चाको ने बताया कि राहुल गांधी आप से गठबंधन होगा या नहीं, शाम को इसका फैसला कर सकते हैं.

वहीं, सूत्रों का कहना है कि शनिवार को चाको गठबंधन के फायदे और नुकसान पर चर्चा के लिए राहुल गांधी से मिले थे.

### खाई में बस गिरने से 6 लोगों की मौत 45 घायल

पालघर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पालघर जिले में त्र्यम्बकेश्वर रोड के नजदीक आज एक बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। दरअसल, बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 45 अन्य घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस और रेस्क्यू टीम पहुंच चुकी है, राहत और बचाव कार्य जारी है।पुलिस ने कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और उन्हें पूरी तरह से मुमकीन मदद दी जा रही है। वहीं पुलिस इस बात का पता चला लगा रही है कि बस दुर्घटना की असली वजह आखिर क्या थी।

# पाक की फायरिंग में घायल हुआ एक और जवान शहीद, 4 दिन में तीसरी शहादत



जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी में रविवार को सेना के 2 जवान शहीद हो गए। एक जवान तो आज शहीद हुआ वहीं 23 मार्च को पाकिस्तानी रेंजरों की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए ग्रेनेडर हरी भाखर ने भी आज दम तोड़ दिया। हरी को गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के शाहपुर और केरनी इलाकों में शनिवार शाम को करीब साढ़े पांच बजे सीमा पार से गोलीबारी शुरू हुई और यह रातभर लगातार होती रही। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने भी कड़ा जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना ने अग्रिम चौकियों और गांवों को निशाना बनाने के लिए मोर्टार और छोटे हथियारों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में सुबह करीब चार बजे जवान गंभीर रूप से घायल हुआ और उसे तुरंत सैन्य अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। पिछले चार दिनों में गोलीबारी में तीन जवान शहीद हो चुके हैं। बृहस्पतिवार को राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की बिना उकसावे की गोलीबारी में 24 वर्षीय राइफलमैन यश पॉल शहीद हो गए थे।